हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–242 : जौनपुर, सोमवार 03 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने किशोरों के लिए टीकाकरण का किया शुभारंभ : बोले– यह तीसरी लहर से बचाएगा

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 15 से 18 साल के बच्चों के टीकाकरण का शुभारंभ किया। सीएम ने सिविल अस्पताल से बच्चों के टीकाकरण के अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन कोरोना की तीसरी लहर में बच्चों के लिए सुरक्षा कवच का काम करेगी। ओमिक्रॉन वायरस डेल्टा प्लस से कमजोर है। लखनऊ में 39 केन्द्रों पर 15 से 18 साल के तीन लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वजह से बच्चों को टीका लगना सम्भव हुआ है। बच्चों को कोवाक्सिन लगाई जा रही है। पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है। प्रदेश में 87.05 प्रतिशत को पहली और 50.11 प्रतिशत को दोनों डोज। प्रदेश में कोविड टीकाकरण का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश में अब तक 87.05 फीसदी को पहली और 50.11 फीसदी को दोनों डोज दी जा चुकी है। प्रदेश में कोविड मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वैक्सीन बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसके अंतर्गत एक जनवरी से 15 से 18 साल के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोविन पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन में दसवीं कक्षा का आईडी कार्ड मान्य होगा। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय घई ने बताया कि कुल एक करोड़ 40 लाख बच्चों



केटीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक प्रदेश के 20 करोड़ से अधिक लोगों को टीके की डोज दी जा चुकी है, जिसमें 12 करोड़ से अधिक को पहली और सात करोड़ से अधिक को दूसरी डोज दी चुकी है। 18 वर्ष से अधिक आयु की 50 फीसदी आबादी का टीकाकरण पूरा किया जा चुका है। प्रदेश में करीब 10 लाख फ्रंटलाइन वर्कर्स और 10 लाख हेल्थ केयर वर्कर्स को प्रीकॉशन डोज दी जाएगी। लखनऊ में सबसे पहले स्वर्णिमा सिंह को टीका लगाया गया। स्वर्णिमा ने कहा कि संक्रमण से बचने के लिए मास्क पहनें और सभी टीकाकरण करवाएं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हर महीने 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी : मुख्यमंत्री ने 585 केंद्रों का किया शिलान्यास

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 585 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिमाह 500 रुपये व सहायिकाओं को 250 रुपये देने की घोषणा की है। आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं दोनों को ही 500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। यह प्रोत्साहन राशि 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक दी जाएगी। अभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 55 सौ रुपए व मिनी आंगनबाड़ी को 4250 रुपए व सहायिका को 2750 रुपए मिलता था। अब परफॉर्मेंस लिंक इंसेंटिव के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 8000 रुपये व मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 6500 रुपये और सहायिका को 4000 रुपये तक मानदेय मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मानित भी किया। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं की सराहना की और कहा कि कोविड काल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषाहार घर–घर पहुंचाने के साथ ही टीकाकरण, स्क्रीनिंग आदि में जो सहयोग दिया है। वह बेहद प्रशंसनीय है। कोविड प्रबंधन में प्रदेश की तारीफ जो पूरे देश में हुई है उसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकताओं को कहा जाता था कि वह कुछ नहीं करते हैं जबकि सच ये है कि सरकार में बैठे लोग अपनी विफलताओं का ठीकरा उनके ऊपर



फोड़ देते थे आज वही कार्यकर्ता प्रदेश को बना रहे हैं। 2017 के बाद तस्वीर बदल गई है। कार्यकर्ताओं को 2018 के बाद कोई आंदोलन नहीं करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि 2022 में ही सभी आंगनबाड़ी केंद्र बनकर तैयार हो जाएं यही लक्ष्य है। वहीं, कोविड की तीसरी लहर की आशंका के बीच उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए पूरी तरह तैयार है। अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार, तीसरी लहर का संक्रमण दूसरी लहर की तरह खतरनाक नहीं है फिर भी लोगों को सतर्कता बरतनी होगी। सभी मास्क जरूर लगाएं और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें।

## कैबिनेट मंत्री के परिवार पर लगाए गंभीर आरोप : छोटे भाई की बहू ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजने के बाद दी तहरीर

लखनऊ ब्यूरो : अमित टंडन की बहू दिशा ने परिवार पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने पीएम व सीएम को पत्र भेजने के साथ ही रविवार शाम हजरतगंज महिला थाने में तहरीर भी दी। उन्होंने ससुर अमित टंडन के बड़े भाई व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन समेत पूरे परिवार पर उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। महिला थाने की इंस्पेक्टर दुर्गावती के मुताबिक दिशा वर्ष 2020 से पति आयुष से अलग रह रही हैं और दोनों के बीच तलाक का मुकदमा विचाराधीन है। मामले की जांच कराई जाएगी। चौक के सोंधी टोला निवासी अमित टंडन के बेटे आयुष की पत्नी दिशा का पीएम के नाम पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। उनका आरोप है कि शादी के कुछ महीने बाद ही उन्हें घर से निकाल दिया गया। धमकी दी गई कि 50 लाख रुपये व फॉर्च्यूनर गाड़ी नहीं दी तो ससुराल में रह नहीं पाओगी। दिशा का कहना है कि उन्होंने चौक कोतवाली में तहरीर देने के साथ ही राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अंजू चौधरी से शिकायत की, मगर उन्हें सांत्वना देकर लौटा दिया गया। कोई



कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं, कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन ने आरोपों को झूठा व बेबुनियाद बताया है। वे बोले कि फिलहाल इस बारे में कुछ नहीं कहना है। वीडियो भी वायरल। दिशा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रही हैं– मंत्री द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसकी मैंने कई जगह शिकायत करने की कोशिश की, लेकिन उनके पद पर होने के कारण मेरी कहीं सुनवाई नहीं हुई। मैं मोदीजी व योगीजी से विनम्र निवेदन करती हूं कि मुझे न्याय मिले और इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो।

## मुख्यमंत्री योगी ने श्रमिकों के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की एक हजार रुपये की राशि : बोले– पहले शोषण होता था

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दो करोड़ श्रमिकों के अकाउंट में भरण पोषण भत्ता के रूप में एक–एक हजार रुपये की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने राशि ट्रांसफर कर दी। इसके लिए संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया था। मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर सात कामगारों को एक–एक हजार रुपये चेक भी दिए। इस समय प्रदेश में कुल पंजीकृत कामगारों की संख्या पांच करोड़ 90 लाख आठ हजार 745 है। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मजदूरों का शोषण होता था। श्रमिक वर्ग की सुविधाओं के लिए दिए जाने वाले धन का बंदरबांट होता था। इस धन से नेताओं का घर भरा जाता था जिसे आज जेसीबी लगाकर नोटों की गड्डियों के रूप में निकाला जा रहा है और अब लोग इसे स्वीकार भी कर रहे हैं। 2017 से पहले श्रमिकों को किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलता था। श्रमिकों के पास न तो राशन कार्ड होता था और न ही रहने के लिए घर होता था। किसी तरह घर हो भी गया तो बिजली नहीं होती थी पर अब पात्रों को उनका हक मिल रहा है। यह डबल इंजन की सरकार का ही कमाल है। उन्होंने कहा कि यूपी में 2017 के बाद पहली बार श्रमिकों के लिए काम करने वाली सरकार आई है। सरकार लगातार आपके हितों के संरक्षण के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश सरकार मजदूरों को पक्के आवास, शौचालय, मुफ्त रसोई गैस और बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं। केंद्र की मोदी सरकार के कारण गरीब वर्ग के लिए दो लाख रुपये की सामाजिक सुरक्षा और पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मुहैया करवाया जा रहा है। इस मौके पर यूपी सरकार के प्रमुख मंत्री व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पश्चिमी यूपी में मोदी की रैली : नब्ज पर रखा हाथ और सेट किया चुनावी एजेंडा

मेरठ ब्यूरो : यूं तो मौका प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास का था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए चुनावी एजेंडा सेट कर गए। पीएम ने पश्चिमी यूपी की नब्ज पर हाथ रखा। संदेश साफ है कि विकास और ध्रुवीकरण साथ–साथ चलेगा। उन्होंने सिंधु घाटी की सभ्यता से लेकर स्वाधीनता संग्राम तक में पश्चिमी यूपी के योगदान की चर्चा की, तो यहां से पलायन और यहां के लोगों के पराक्रम तक का जिक्र किया। चौधरी चरण सिंह और गन्ने के बहाने किसानों को साधने की कोशिश की, तो 21वीं सदी का भविष्य बताते हुए युवाओं को सपने दिखाए। पीएम मोदी ने शनिवार को ऐन वक्त पर हेलीकॉप्टर से मेरठ आने का कार्यक्रम बदला। वे उसी दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे से आए, जिसका शिलान्यास और पहले चरण का लोकार्पण खुद उन्होंने किया था। इसके भी मायने हैं। उन्होंने डबल इंजन सरकार में विकास का संदेश दिया। कहा, मेरठ की कनेक्टिवटी दूसरे शहरों से संबंध और व्यवहार को आसान बनाएगी। अब मेरठ से दिल्ली का रास्ता एक घंटे का है। हमें विकास की गति को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने खुद को पश्चिमी यूपी से कनेक्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मेरठ को बताया संस्कृति और सामर्थ्य का केंद्र : प्रतीकों के जरिए शुरू से आखिर तक लोगों को साधते रहे। कहा कि मेरठ एक शहर नहीं, हमारी संस्कृति और सामर्थ्य का केंद्र है। महाभारत काल से लेकर जैन तीर्थंकरों और पंज प्यारे भाई धर्म सिंह तक से मेरठ के जुड़ाव का जिक्र कर हिंदुओं के साथ ही जैन और सिखों को भी संदेश दिया। उन्होंने रेवड़ी–गजक, ब्रास बैंड, हैंडलूम और आभूषण को मेरठ की शान बताकर अपने लगाव का अहसास कराया। यहां के खेल उद्योग का भी जिक्र किया। कहा, मेरठ के लोग तो अच्छी तरह जानते हैं कि खेल से जुड़ी सर्विस और वैश्विक बाजार लाखों करोड़ रुपये का है। मेरठ से ही 100 से ज्यादा देशों को खेल का सामान निर्यात होता है। मेरठ लोकल के लिए वोकल तो है ही लोकल को ग्लोबल भी बना रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने 43 मिनट के भाषण में 30 से ज्यादा बार मेरठ का जिक्र किया। औघड़नाथ मंदिर से साधे सरोकार प्रधानमंत्री मोदी मेरठ आए तो 1857 की पहली जंगे आजादी के उद्गम स्थल बाबा औघड़नाथ मंदिर में पूजा–अर्चना से अपने दौरे की शुरुआत की। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, पिछले महीने काशी में बाबा विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की कड़ी में शनिवार को औघड़नाथ मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा–अर्चना कर उन्होंने सरोकारों को साधा। यह वही औघड़नाथ मंदिर है,जहां शिवरात्रि पर लाखों शिवभक्त कावड़िये जलाभिषेक करते हैं। कावड़ यात्रा प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक एजेंडे का हिस्सा है। प्रदेश सरकार कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करा चुकी है। पीएम मोदी ने औघड़नाथ मंदिर जाने का अवसर मिलने को अपना सौभाग्य बताया। कहा, यहीं से प्रथम स्वाधीनता संग्राम की प्रेरणा से आगे बढ़ते हुए देश आजाद हुआ। शहीद स्मारक में अमर जवान ज्योति और संग्रहालय जाकर मेरठ की उस पहचान को और मजबूत बनाने की कोशिश



की जिस पर क्रांति नगरी के रूप में मेरठ और पश्चिमी यूपी के लोग गर्व करते हैं। जोश इतना कि 15 बार वंदे मातरम भीड़ से गदगद पीएम मोदी जोश में नजर आए। उन्होने भाषण का समापन वंदेमातरम से किया। उन्होंने वंदे बोला भीड़ ने मातरम का उद्घोष किया। उन्होंने 15 बार वंदेमातरम का उद्घोष कराया। डबल इंजन सरकार का महत्व बताते हुए कहा, कि उधर हाथ खड़ा करोगे तो लखनऊ में योगी हैं और इधर दिल्ली में मैं बैठा हूं। सोतीगंज, छेड़छाड़ पलायन हैं ध्रुवीकरण के मुद्दे पश्चिमी यूपी में लड़कियों से छेड़छाड़ और अपराधियों के डर से पलायन जैसे मुद्दे ध्रुवीकरण को धार देते हैं। यही भाजपा की कामयाबी का आधार बनते हैं। शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस वे के शिलान्यास में पिछले महीने पीएम मोदी ने सोतीगंज में चोरी के वाहनों के कमेले को भी इसमें जोड़ दिया था। उन्होंने मेरठ में शनिवार को भी इसका जिक्र किया। कहा, सोतीगंज बाजार में गाड़ियों के साथ होने वाले खेल का भी अब 'द एंड' हो रहा है। इशारों ही इशारों में मुलायम सिंह पर उनके उस बयान के जरिये निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था, लड़कों से गलती हो जाती है। याद दिलाया कि पहले की सरकारों में पहले दिन ढलने के बाद लड़कियां घरों से नहीं निकल पाती थीं, अब हालात बदल गए हैं। कृषि कानूनों की वापसी के बाद किसानों को साधा कृषि कानूनों की वापसी और किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद पहली बार मेरठ आए पीएम मोदी ने पश्चिमी यूपी के किसानों, खास से गन्ना उत्पादकों से भी जुड़ने की कोशिश की। उन्हें अहसास था कि इस इलाके की अर्थव्यवस्था गन्ना है, लिहाजा पहले चौधरी चरण सिंह को याद किया और फिर योगी सरकार में गन्ना किसानों के लिए हुए कामों को गिनाया। कहा, जितना गन्ना मूल्य भुगतान योगी सरकार में हुआ है, उतना पहली दो सरकारों में भी नहीं हुआ। पहले चीनी मिल बेची जाती थीं और अब उनका विस्तार हो रहा है। उन्होंने लोगों से सवाल भी किया कि चीनी मिलें बेची जाती थीं या नहीं। इसका उन्हें गर्मजोशी से जवाब मिला। कहा कि बीते साढ़े चार साल में लगभग 12 हजार करोड़ रुपये का एथनॉल यूपी से खरीदा गया है। सरकार कृषि इन्फ्रास्ट्रक्टर और फूड प्रॉसेसिंग को तेजी से बढ़ा रही है। 25 मिनट युवाओं के नाम : क्रांति भूमि से पीएम मोदी ने सर्वाधिक लुभाया युवाओं को। उनके भाषण का 60 फीसदी समय युवाओं पर केंद्रित रहा। कहा, 21वीं सदी का दायित्व युवाओं के हाथों है। वे बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा। यूपी सरकार युवाओं को रिकॉर्ड सरकारी नौकरियां दे रही है। विद्यार्थियों को टैबलेट–स्मार्टफोन देने का भी अभियान शुरू किया है। उन्होंने खेल, खिलाड़ियों पर खास जोर दिया। वजह यह है कि पश्चिमी यूपी में गांव–गांव में खेलों के प्रति उत्साह और जुड़ाव है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट व फायरिंग : तीन गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के पचवर गांव में सोमवार को पुरानी रंजिशध कोध लेकर दबंगो ने मारपीट व फायरिंग की, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।ध घायलोंध को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने दो लोगों कोध ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया।मौके पर पहुची पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। थाना क्षेत्र के



पचवर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में काफी समय से विवाद चला आ रहा है। जिसमें डेढ़ साल पूर्व एक युवक की हत्या भी हो चुकी है। सोमवार की सुबह एक पक्ष से कुछ लोग क्रिकेट खेलने गांव के मैदान में जा रहे थे कि दूसरा पक्ष रास्ते में मिल गया और किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में वाद विवाद शुरू हो गया। इसके बाद वह धमकी देते हुए भाग निकला और थोड़ी देर वाद अपने साथियों के साथ लाठी, डण्डा, राड, कटारी और पिस्टल से लैस होकर और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के बाद दबंगो ने फायरिंग की, जिसमें एकध गोली शिवम के सिर को छूते हुए निकलध गयी, शिवम वहीं गिरकर तड़ने लगा। उसकोध तड़पता देख गांव वाले पास आने लगे। जिसके बाद दबंग फायरिंग करते हुए धमकी देते हुए भाग निकले। ग्रामीणों की मदद से घायलो शिवम सरोज विकास सरोज विनोद सरोज मनीष सरोज को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों हालत गंभीर देख शिवम, विकास, विनोद, को ट्रामाध सेन्टर के लिए रेफर कर दिया। सूचन मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर में डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि केराकत थाना क्षेत्र के पचवर गांव में दो पक्षों में बच्चों को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों से लोगों को चोट आई है तीनों लोग को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दुखियों व बेसहारों की खिदमत ही असली खिदमत है:– मौलाना वसीम शेरवानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जमीअत उलमा ए हिंद जौनपुर के जिला अध्यक्ष हजरत मौलाना वसीम अहमद शेरवानी और समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष कमालुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में भयंकर शीत लहरी को देखते हुए ठंड के इस मौसम में बड़ी संख्या में नगर के प्रेमराजपुर निकट पुराना पान दरीबा स्थित वृद्धजन आवास वृद्ध आश्रम में बड़ी संख्या



में जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर जरूरतमंदों ने कंबल पाकर मौलाना वसीम अहमद शेरवानी और कमालुद्दीन अंसारी साहब के साथ गए हुए तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हजरत मौलाना वसीम अहमद शेरवानी ने कहा कि गरीबों, मजबूरों, दुखियों की खिदमत ही असली खिदमत होती है और अल्लाह ऐसी खिदमत को कुबूल फरमाता है। उन्होंने आगे कहा कि साहिबे हैसियत लोगों को ऐसी सेवा करते रहना चाहिए ताकि कोई भी जरूरत के सामानों से वंचित न रह जाए। नगर अध्यक्ष कमालुद्दीन अंसारी साहब ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा करने से आत्मीय सुख मिलता है वही व्यक्ति पुण्य का भागीदार भी होता है। इस मौके पर हजरत मौलाना फैसल शाहगंज, अमजद भाई ढंडवारा, हाफिज अब्दुस्सलाम, तनवीर अहमद, शम्स तबरेज आदि लोग मौजूद रहे।



–सुविचार–
कर्मयोगी वो हैं जो साधनों का कमन पुष्प सम बनकर प्रयोग करते हैं–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कोरोना की दूसरी लहर के बाद सुधरती अर्थव्यवस्था

अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की यह रफ्तार व्यापक आधार पर रही है, हालांकि निजी खपत, जो जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा है और व्यापार और परिवहन क्षेत्र वित्त वर्ष 2019–2020 की चौथी तिमाही यानी कोविड से पहले के स्तरों से तीन फीसदी और नौ फीसदी नीचे है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2020 के कोविड लॉकडाउन से अच्छी तरह उबर चुकी है, पर अब भी कुछ क्षेत्र पिछड़े हुए हैं, इस कारण रिकवरी असमान है। 30 सितंबर को खत्म हुई वर्ष 2021–2022 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही, जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में 20.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ था, लेकिन वित्त वर्ष 2019–20 की पहली तिमाही के मुकाबले यह नौ प्रतिशत कम था। तिमाही आधार पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.6 फीसदी थी। यह कोविड की दूसरी लहर के दौरान आई गिरावट से बहुत बेहतर स्थिति को दर्शाता है। यदि हम कोविड से पहले वर्ष 2019–2020 की जीडीपी को 100 फीसदी मानें, तो पिछले डेढ़ वर्षों में जीडीपी में मात्र दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की यह रफ्तार व्यापक आधार पर रही है, हालांकि निजी खपत, जो जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा है और व्यापार और परिवहन क्षेत्र वित्त वर्ष 2019–2020 की चौथी तिमाही यानी कोविड से पहले के स्तरों से तीन फीसदी और नौ फीसदी नीचे है। आपूर्ति के मामले में सेवाओं और कृषि क्षेत्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मांग के मामले में, निजी खपत और निवेश में मामूली सुधार देखा गया। टीकाकरण में तेज गति, जिसके तहत लगभग 48 फीसदी भारतीयों को टीके की दोनों खुराक मिली, तेज होती गतिशीलता और निर्यात क्षेत्र में बेहतर रिकवरी आने वाले समय के लिए सकारात्मक संकेत हैं। कर संग्रह में मजबूती आई है, जो आर्थिक सुधार की अंतर्निहित ताकत को दर्शाती है। नवंबर 2021 में जीएसटी संग्रहण रिकॉर्ड स्तर पर 1.3 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

आपूर्ति क्षेत्र की कमी और बाधाओं ने, उदाहरण के लिए सेमीकंडक्टर चिप और कोयले की आपूर्ति में कमी, विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन को प्रभावित किया है। इसके अलावा, मजबूत त्योहारी मौसम के बावजूद, दिवाली के बाद के सप्ताहों में बड़े पैमाने पर उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में कमी देखी गई। सरकार के कर और अन्य राजस्व संग्रह बजट के अनुमानों से ऊपर रहे हैं, लेकिन विनिवेश लक्ष्य को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इस प्रकार, इस वर्ष राजकोषीय घाटा 6.8 प्रतिशत बढ़कर लगभग सात फीसदी हो सकता है। हालांकि सरकार ने समग्र व्यय को नियंत्रित करते हुए, कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और खाद्य सब्सिडी बढ़ाने में एक सख्त संतुलन दिखाया है। लेकिन ईंधन के उत्पाद शुल्क में कटौती से सरकारी वित्त को और नुकसान होगा।

कृषि क्षेत्र ने निरंतर मजबूत विकास दिखाया है। इसके अलावा सरकारी सहायता कार्यक्रमों ने भी ग्रामीण आबादी की मदद की है। लेकिन यह अब तक ग्रामीण खपत में उच्च वृद्धि में तब्दील नहीं हुआ है। अगर तीसरी तिमाही की बात करें, तो परिणाम ज्यादा मिश्रित हो सकते हैं। कोविड की कम संक्रमण दर, व्यापक गतिशीलता और मजबूत टीकाकरण अभियान, उत्सव के दौरान भारी बिक्री और सरकारी खर्च में बढ़ोतरी से विकास की गति बढ़नी चाहिए। लेकिन टिकाऊ वस्तुओं, सस्ती कारों और दोपहिया वाहन और आपूर्ति क्षेत्र की बाधाओं, जैसे चिप और कोयले की कमी, जिसने अक्तूबर में उत्पादन को बड़े पैमाने पर बाधित किया, जो अब धीरे–धीरे सहज होता जा रहा है, के कारण बड़े पैमाने पर खपत वाले क्षेत्रों में मांग में कमी का जोखिम है।

नतीजतन आशंका है कि खपत में गिरावट के कारण तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त रह सकती है। हालांकि सेवा क्षेत्र, निवेश और निर्यात में बढ़ोतरी की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था के प्रमुख संकेतक भी अर्थव्यवस्था में थोड़ी सुस्ती के संकेत दे रहे हैं। आशंका है कि सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि मौजूदा 8.4 फीसदी से घटकर तीसरी तिमाही में करीब 6.6 फीसदी तक रह जाएगी। लॉकडाउन के दौरान बंद पड़ी व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से खोलने, निर्यात और सरकारी खर्च से अगले वर्ष की शुरुआत में विकास दर को मजबूती मिल सकती है, पर कम आय वाले परिवारों के लिए आय वृद्धि में कमी के बीच, उच्च मुद्रास्फीति निजी खपत की मांग के लिए जोखिम साबित हो सकती है।

कई देशों में कोविड का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन पाए जाने की चर्चा जोर–शोर से हो रही है। हालांकि अब तक भारत में इस वैरिएंट का पता नहीं लगा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर प्रतिबंध का असर अर्थव्यवस्था पर ज्यादा नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि सकल घरेलू उत्पादन में पर्यटन का योगदान मात्र 1.1 फीसदी ही है। लेकिन अगर डर के कारण गतिशीलता घटती है या घरेलू प्रतिबंधों को काफी हद तक सख्त किया जाता है, तो सेवा क्षेत्र के सामान्यीकरण की प्रक्रिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण खतरा है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाली तिमाहियों में आर्थिक सामान्यीकरण जारी रहेगा, भले ही उसकी गति कम हो।

वित्त वर्ष 2022 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 9.4 फीसदी साल दर साल रहने की उम्मीद है। जहां तक मुद्रास्फीति की बात है, तो आपूर्ति क्षेत्र की बाधाओं और खासकर तेल की कीमतों ने मुद्रास्फीति पर भारी दबाव बना रखा है। उच्च लागत और उच्च थोक मुद्रास्फीति के बावजूद कंपनियों ने मार्जिन (लाभ) पर चोट की और कीमतों में वृद्धि को मामूली रखा। यह महंगाई भविष्य में रिजर्व बैंक का ध्यान खींचेगी। कुछ क्षेत्रों को छोड़कर वेतन में नाममात्र वृद्धि हुई है, ऐसे में लगातार उच्च मुद्रास्फीति का अनिवार्य उपभोक्ता वस्तुओं की मांग पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। यह इस जोखिम की ओर इशारा करता है कि कुल मांग में सुधार में कमी आएगी और नकारात्मक आउटपुट अंतर अनुमान से अधिक समय तक बना रह सकता है, जिससे आरबीआई की प्रतिक्रिया में देरी हो सकती है।

ओमिक्रॉन वैरिएंट नीति–निर्माताओं के समक्ष अनिश्चितता का अतिरिक्त बोझ पैदा करेगा। हालांकि, बेसलाइन अब भी उच्च मुद्रास्फीति की ओर इशारा करता है, जिसमें हेडलाइन और कोर मुद्रास्फीति आरबीआई के दो से छह फीसदी के लक्ष्य सीमा के शीर्ष पर लगभग छह फीसदी पर रहने की संभावना है। ग्रोथ को कुछ मध्यम अवधि के जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन यह चक्रीय रूप से ठीक हो रहा है। वायरस के नए वैरिएंट को लेकर अनिश्चितता सतत विकास के लिए प्रतिकूल हो सकती है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

# अनुशासन के मामले में जिले का ख्याति लब्ध है रफी अहमद इंटर कॉलेज : विधायक रानू

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि वार्षिकोत्सव बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम है यह विद्यालय अन्य विद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए वार्षिकोत्सव की परंपरा को बनाए हुए हैं जो प्रशंसनीय है उन्होंने कहा पढ़ाई के साथ–साथ खेल कूद और शैक्षणिक गतिविधियों से बच्चों में सकारात्मक गुणों को विकसित करने का अवसर मिलता है विधायक श्री रानू ने कहा कि अनुशासन के मामले में रफी अहमद विद्यालय जिले में ख्याति लब्ध है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर ने कहा कि यह विद्यालय पढ़ाई के साथ–साथ इतर शैक्षणिक गतिविधियों के लिए विख्यात है यहां के पढ़े हुए बच्चे प्रदेश ही नहीं देश में उच्च पदों पर आसीन होकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि भवन निर्माण में धनराशि की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का विद्यालय के स्काउट बच्चों ने बैंड बजा कर स्वागत किया और उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले गए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ और विद्यालय प्रबंधक सुयश बाजपेई ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को माला पहनाकर स्वागत किया कालेज के पूर्व प्रबंधक व भवन निर्माण समिति के मुख्य संयोजक अरुणेश बाजपेई ने तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नवीन भवन निर्माण का प्रकाश डाला और उदार लोगों से इस पुनीत यज्ञ में सहयोग की अपील की उन्होंने कहा वर्तमान समय में कोविड–19 के कारण विद्यालय के सभी कार्यक्रम कोविड–19 पालन करते हुए संपन्न कराए जा रहे हैं रात्रिकालीन कर्फ्यू के चलते विराट कवि सम्मेलन को स्थगित किया गया है कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य डॉ अमित कुमार वर्मा ने किया इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे सरस्वती वंदना अनुकल्प तिवारी, नूर




हमजा ,सत्यम् कश्यप, सुजल कश्यप, दीपक श्रीवास्तव, तनिष्का कुमार अंशुल द्विवेदी और स्वागत गीत गुफरान, विराट सिंह की टीम ने प्रस्तुत किया खेलकूद के परिणाम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने कबड्डी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके टास्क उछाल कर खेल का शुभारंभ किया प्रतियोगिता के फाइनल में ए और बी टीम ने काफी उठापटक के बाद ए टीम को पटखनी देकर बी टीम ने बाजी मार ली बी टीम के कप्तान बालकृष्ण ने 65 अंक पाकर विजयश्री प्राप्त की।जबकि उपविजेता ए टीम ने कप्तान प्रियांशु वर्मा को मात्र 36 अंक ही मिले कबड्डी प्रतियोगिता में हंसराज कुशवाहा, संजय कनौजिया, संतोष शर्मा, रावेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र और देवेंद्र मोहन में स्कोरिंग की।चित्रकला में वैभव वर्मा प्रथम, आदेश वर्मा द्वितीय , नैतिक सैनीश्रेणी तृतीय रहे निर्णायक मंडल में ऋषभ राज, अनुज श्रीवास्तव, दीपक दुबे का सहयोग रहा सुलेख प्रतियोगिता में सुदीप शुक्ला प्रथम शिवम दिक्षित द्वितीय सार्थक गुप्ता तृतीय रहे निर्णायक मंडल में देश दीपक शुक्ला, परशुराम, श्याम जी वर्मा, सुभाष कनौजिया रहे अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में रामजी प्रथम अंकित द्वितीय कनिष्क तृतीय रहे।

# नई उम्मीदों जोश एवं नए उत्साह के साथ छात्राओं ने नव वर्ष 2022 का किया स्वागत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज की छात्राओं ने नूतन वर्ष का स्वागत उत्सव नये जज्बे ,नये सपनों, नये जोश और नई आशाओं के साथ केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया। शनिवार को विद्यालय खुलते ही बच्चों ने नव वर्ष के उत्सव को मनाने की तैयारियां शुरू कर दी। बच्चों ने सभी कक्षाओं को गुब्बारों आदि से खूब सजाया। एक जनवरी 2022 नव वर्ष के उत्सव पर पूरे दिन शिक्षण कार्य के साथ– साथ एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा। बच्चों के द्वारा नव वर्ष के उत्सव को मनाने में प्रधानाचार्या नूरुल हुमा का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय में प्रधानाचार्य व बच्चों के द्वारा कई केक काटकर एक दूसरे का मुहँ मीठा कराने का भी काफी देर तक कार्यक्रम जारी रहा। मिठाइयां बांटकर नये साल का शानदार स्वागत किया गया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने भी रंगोली व गुब्बारों के माध्यम से अपनी– अपनी कक्षाओं को खूब सजाया। वहीं हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट की छात्राओं ने भी रंगोली व गुब्बारों आदि से कक्षों की अच्छे तरीके से सजावट की। जिसकी सभी ने भूरि भूरि प्रसंशा की। प्रधानाचार्या ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि इस उत्सव को एक संकल्प के साथ मनायें और अपने जीवन को सार्थक बनाने का पूरा प्रयास करें और मन लगाकर आने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में जुट जायें।सहायक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया और साथ ही उन्होंने कहा कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य जीवन में आगे बढ़ना है। 2022 में आने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारियां आज से ही एक संकल्प



के साथ शुरू करें और जीवन के पथ पर आगे बढ़े।हम सबकी यही कामना है।भैरवी अग्निहोत्री ने कहा कि नव वर्ष हमें नई आशाएं,नये सपने,नई योजनाओं और नये लक्ष्य की उम्मीद देता है।इसलिए सभी इसका स्वागत हर्षोल्लास और उत्साह से करें। नव वर्ष के उत्सव पर व्यवसायिक विषय विशेषज्ञ अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि करो कामना नया वर्ष यह,नए स्वरों को सरगम दे/मानव के हृदयों को जोड़े सरिताओं को संगम देध्छंदों में मकरंद भरे और गीतों को गतिमान करे/प्रतिभाओं को दिशा दिखाकर मंजिल को आसान करे।सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। इस दौरान प्रधानाचार्या नूरुल हुमा,आयशा परवीन,शशि शुक्ला,भैरवी अग्निहोत्री, नायाब जहां,वैशाली यादव,वंदना दीक्षित,उषा देवी, पुष्पांजलि श्रीवास्तवा,रुचि पांडेय,वर्तिका शुक्ला सहित कॉलेज का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## विश्वनाथ धाम में विशिष्ट दर्शन बंदः रोजाना रिकॉर्ड संख्या में आ रहे श्रद्धालु, काशीवासियों से अपील– सुबह से दोपहर दो बजे तक दर्शन से बचें

वाराणसी ब्यूरो : नए साल के दूसरे दिन रविवार को भी काशीपुराधिपति के धाम में मंगला आरती से उमड़ी भक्तों की भीड़ का क्रम शयन आरती तक जारी रहा। मंदिर प्रशासन के मुताबिक दूसरे दिन करीब पौने दो लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के धाम में शीश नवाया। सड़कों पर भक्तों की कतार को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने अग्रिम आदेश तक विशिष्ट दर्शन (वीआईपी) स्थगित कर दिया है। साथ ही काशीवासियों से सुबह सात से दोपहर दो बजे तक दर्शन करने से बचने की अपील की है। धाम के भव्य स्वरूप के लोकार्पण के बाद दुनियाभर में बसे भोलेनाथ के भक्त वाराणसी पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर के सभी द्वारों से प्रवेश। नए साल के पहले दिन धाम में उमड़ी अभूतपूर्व भीड़ के बाद अगले दिन रविवार को भी सड़कें श्रद्धालुओं से पटी रहीं। गौदोलिया और मैदागिन में वाहनों के रोकने के चलते सड़कों पर झुंड में श्रद्धालु धाम पहुंच रहे थे। श्रद्धालुओं के दबाव को कम करने के लिए मंदिर परिसर के सभी द्वारों से प्रवेश दिया गया। उधर, मंदिर से निकलने वाले भक्त भी कतार में ही गोदौलिया तक पहुंच रहे थे। 18 दिन में 20 लाख श्रद्धालुओं का आंकड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद से ही लगातार श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। लोकार्पण से 31 दिसंबर तक करीब 14 लाख श्रद्धालु धाम में पहुंचे थे और नए साल के दो दिन में करीब सात लाख श्रद्धालुओं ने महादेव के दर पर शीश नवाया है। खुलेगा टूर ऑपरेटर्स का डेस्क। धाम में टूर ऑपरेटर्स के डेस्क और बैंकिंग सुविधा की भी शुरुआत की जाएगी। इसके लिए मणिकर्णिका घाट की ओर बने टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर (टीएफसी) में स्थान के लिए टेंडर जारी किया गया है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. सुनील वर्मा ने बताया कि टीएफसी को इस महीने के अंत तक संचालित कर दिया जाएगा। इसमें टूर आपरेटर्स और बैंकिंग सुविधाओं के लिए निविदा पर 25 जनवरी तक निर्णय कर लिया जाएगा। जब तक बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक है तब तक काशीवासी सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक दर्शन करने से बचें। धाम के मुख्य द्वार तक वाहन लाने से बचें और मैदागिन व गोदौलिया चौराहे की पार्किंग में वाहन खड़ा करें। फिलहाल भीड़ को देखते हुए वीआईपी दर्शन स्थगित रहेगा।
– दीपक अग्रवाल, मंडलायुक्त

# मोदी ने डॉ भीमराव अंबेडकर से संबंधित स्थलों को तीर्थ बनाकर दलितों का सम्मान बढ़ाया– बृजलाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में पूरे प्रदेश में सभी वर्गों के लिए समर्पित भाव से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा किए गए कार्यों से परिचित कराने के लिए जनपदों में सम्मेलन कर रही हैं। रविवार को अनुसूचित मोर्चा का सम्मेलन मोर्चा जिलाध्यक्ष महिपाल गौतम की अध्यक्षता में मां गेस्ट हाउस निकट शुक्ला पेट्रोल पंप बदौली सीतापुर रोड हरदोई में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बृजलाल पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश /राज्यसभा सांसद अनुसूचित मोर्चा के सम्मेलन में आए अनुसूचित वर्ग के हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोग अनुसूचित समाज के लोग हैं।हमें शिक्षित होना जरूरी है।शिक्षा हमारे लिए शेर है तो हमें शिक्षित होकर शेर की तरह दहाड़ना है।उन्होंने कहा कि हमारा समाज शिक्षा से दूर रहा इसीलिए वह अपना स्तर समाज में नहीं स्थापित कर सका। बाबा भीम राव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आपकी सारी समस्या अपने आप हल हो जाएगी।उन्होंने कहा कि माननीय मोदी जी ने सफाई का जो अभियान शुरू किया है उसे अपनाना चाहिए।भाजपा सरकार ने अनुसूचित जातियों के उत्थान के लिए आवास,शौचालय,फ्री गैस कनेक्शन सहित बहुत प्रकार की सुविधाएं दी हैं।उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की मुखिया को आड़े हाथों लेते हुए कहा टिकट के नाम पर मायावती ने केवल रुपया लिया है समाज को कुछ दिया नहीं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन में बाबा साहब के आवास को दलित समाज की गरिमा के लिए खरीद कर बाबा साहब का स्मारक बनवाया,बाबा



की जन्म स्थली महू में स्मारक बनवाया, बाबा साहब के अंतेष्ठि स्थल को तीर्थ स्थल बनवा कर अनुसूचित जातियों को बहुत बड़ा सम्मान दिया है।इसलिए अनुसूचित जातियों को भाजपा की डबल इंजन की सरकार को पुनः बनवाने के लिए चुनाव में मतदान करना चाहिए।भाजपा के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की परिकल्पना को साकार रूप देने में अपना योगदान दें। समेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र 'नीरज'ने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन एकात्म मानववाद और समाज के अन्तिम व्यक्ति के उत्थान के लिए जो संकल्प लिया था।उसको भाजपा सरकार पूरा कर रही है।उन्होंने सम्मेलन की सफलता पर अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सांडी के विधायक प्रभाष कुमार गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा अनुसूचित मोर्चा के जिला स्तरीय सम्मेलन को अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद रावत पीके वर्मा क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, एवं सम्मेलन का कुशल संचालन अविनाश पांडे जिला मंत्री भाजपा/ जिला प्रभारी अनुसूचित मोर्चा ने किया,अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सर्वेश जनसेवा ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता कर रहे भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष महिपाल गौतम ने सम्मेलन में शामिल मुख्य अतिथि सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा मे ही अनुसूचित जातियों का मान और सम्मान सुरक्षित है। सम्मेलन में प्रमुख रूप से अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री मनीष रावत महेंद्र बाल्मीकि, शैलेंद्र दिवाकर उपेंद्र कुमार ,विनोद वर्मा जीतू वर्मा शिवम चौधरी सुशील कनोजिया अवधेश रावत, रामदास एवं बड़ी संख्या में महिलाओं सहित हजारों लोग शामिल रहे।

# वाराणसी में टीकाकरण के लिए किशोरों का जोश हाई

वाराणसी ब्यूरो : कोरोना के खिलाफ आज से देश में एक बड़ी लड़ाई शुरू हो गई है। 15 से 18 साल के किशोरों को आज से कोरोना टीका लगाया जा रहा है। वाराणसी समेत आसपास के जिलों में खुद को सुरक्षा कवच देने के लिए किशोरों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। वाराणसी जिले में 529 वैक्सीनेशन सेंटर हैं जहां 78 केंद्रों पर किशोर और वयस्क अलग–अलग कतार में कोवैक्सीन की डोज ले रहे हैं। सभी को टीका लगवाने की जल्दी है। दिन बढ़ने के साथ ही टीकाकरण केंद्रों पर किशोरों की कतार लंबी होती जा रही है। काशी विद्यापीठ, सिगरा स्टेडियम, चोलापुर सीएचसी, रोहनिया सीएचसी, बड़ागांव सीएचसी पर समेत अन्य केंद्रों पर भी टीकाकरण के लिए किशोरों का आना अनवरत जारी है। सेहत की निगरानी के लिए किशोरों को केंद्र पर आधे घंटे तक रोककर उनको आवश्यक दिशा निर्देश भी स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा दिया जा रहा है। किशोरों के टीकाकरण के लिए शनिवार रात आठ बजे से ही कोविन पोर्टल पर पंजीकरण भी शुरू हो गया है। राहत की बात यह है कि ऑन द स्पॉट बुकिंग कराकर भी किशोरों को टीका लगाया जा रहा है। टीकाकरण केंद्रों पर भी दिन चढ़ने के साथ किशोर वैक्सीनेशन के लिए स्वयं या अपने परिजनों के साथ केंद्रों का रूख कर रहे हैं। इसके साथ ही दिन चढ़ने पर कोरोना का टीका लगवाने वालों की संख्या केंद्रों पर बढ़ने की उम्मीद है। सीएचसी हाथी बाजार में टीका लगवाने के बाद निधि जैन (17) कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए टीका लगवाना जरूरी था। सोनम जैन (17) ने कहा कि टीवी पर संक्रमण काल की स्थिति को देखते हुए जीवन सुरक्षित रखने के लिए टीका लगवाने का निर्णय लिया। प्रिंस मिश्रा (17) घरवालों ने कहा और अपने



को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण करवाया। जरा भी घबराहट नही हुई। बरेका के कर्मचारी क्लब में 15 से 18 साल के किशोरों के टीकाकरण का उदघाटन महाप्रबंधक अंजली गोयल ने किया। बरेका में 15 वर्ष से ऊपर के बच्चों वैक्सीन के लिए अलग ही काउंटर बनाया गया। जहां बच्चों को विशेष निगरानी में भी रखा गया। बरेका में 100 किशोरों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। रोहनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर पर कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए आये केसरीपुर निवासी दिग्विजय सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार का कोई डर नहीं है। वैक्सीन लगवाने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए ताकि हम कोरोना संक्रमण को बढ़ने से रोक सकें। रोहनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर पर कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए केराकत जौनपुर निवासी मधु गिरी पुत्री संजय गिरी ने बताया की जरा भी डर नहीं लगा। वाराणसी जिले में 15 से 18 साल तक के किशोरों की संख्या करीब तीन लाख है और टीकाकरण केंद्रों के साथ ही स्कूलों में भी विशेष अभियान चलाकर टीका लगाने का निर्णय लिया गया है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि स्कूल खुलने पर स्कूल प्रबंधन से बातकर किशोरों को टीका लगाया जाएगा। बच्चों के लिए अलग काउंटर बनाया जाएगा।

# दो दिवसीय काशीसार आज से: बीएचयू में जुटेंगे देश भर के आर्किटेक्ट

वाराणसी ब्यूरो : राज्यपाल आंनदीबेन पटेल के दीक्षांत समारोह में दिए गए सुझाव के क्रम में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने अपने विद्यार्थियों के लिए एक नई पहल शुरू की है। जिसके तहत भावी इंजीनियर विश्वनाथ कॉरिडोर समेत केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को देखेंगे और वहां प्रयोग की गई तकनीकी के बारे में भी जानेंगे। इस क्रम में विश्वविद्यालय की ओर से बनारस में दो दिन के काशी सार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत तीन जनवरी को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में 'रिजुनवेशन ऑफ कल्चरल एंड हिस्टोरिकल सिटीज' आर्किटेक्चरल मीट का आयोजन किया गया है। इसमें देश भर के आर्किटेक्ट व आर्किटेक्चर काउंसिल के अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा से जुड़े हुए विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। कुलपति प्रो. विनीत कंसल



ने बताया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर के कॉलेजों से 150 से अधिक विद्यार्थी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद रहेंगे और सत्र के शुभारंभ में वर्चुअल संबोधन करेंगे। दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राज्यपाल। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो दिनी दौरे पर सोमवार को बनारस पहुंच रही हैं। वह संस्कृत विश्वविद्यालय और काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद टीबी के बच्चों को गोद लेने के कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। रात्रि प्रवास काशी में करने के बाद मंगलवार सुबह लखनऊ लौट जाएंगी।

## प्रजापति समाज ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नीतियों में विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी की ग्रहण की सदस्यता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव के अध्यक्षता में बीकापुर सुजानगंज के आर के कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में सपा नेता अरुण प्रजापति के नेतृत्व में सैकड़ों की तादात में प्रजापति समाज ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नीतियों में विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की वहीं सपा जिलाअध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा जिस तरह प्रजापति समाज आज लंबे तादाद में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है हमें पूरा विश्वास है इससें समाजवादी पार्टी को बहुत मजबूती मिलेगा और समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सब का सम्मान करना जानती है और सम्मान के साथ–साथ उनके हक अधिकार की लड़ाई सिर्फ और सिर्फ समाजवादी पार्टी ही लड़ती है आप लोग समाजवादी पार्टी में जिस आस्था विश्वास के साथ आए हैं वह आस्था विश्वास आपका कायम रहेगा आप के मान सम्मान में हमेशा समाजवादी परिवार खड़ा रहेगा हमें पूरा विश्वास है कि 2022 में आप लोग अपने समाज को जगाने का काम करेंगे और पूरा का पूरा प्रजापति समाज समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगा। उक्त कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रमुख महा सचिव



राजनरायन बिंद पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव विधानसभा अध्यक्ष राज मूर्ति सरोज उपाध्यक्ष फूलचंद यादव महासचिव शिवप्रकाश विश्वकर्मा नंदलाल प्रजापति विजय कुमार प्रजापति सुनील कुमार प्रजापति सुरेंद्र कुमार प्रजापति अरुण यादव सूर्यमणि प्रजापति बाकी लाल प्रजापति गुलाब प्रजापति नवनीत प्रजापति फूलचंद प्रजापति एवम् समस्त नेतागण उपस्थित रहें।

## इंदिरा गॉधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में किया गया आगनबाडी कार्यकत्री/सहायिका सम्मेलन

जौनपुर सू.वि. : मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आगनबाडी कार्यकत्री/ सहायिका सम्मेलन इंदिरा गॉधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में किया गया है। जनपद में उक्त कार्यक्रम का लाईव स्ट्रीमिंग कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह एवं विकास खण्डो में किया गया। कार्यक्रम में मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा कोरोना काल में आगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा निगरानी समिति के रूप में किये गये कार्यो की प्रशंसा की गयी, और प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा आगनबाडी कार्यकत्री, मिनी आगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका के मानदेय बढोतरी की भी घोषणा की गयी। मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा नवनिर्मित आगनबाडी केन्द्र भवनों का शिलान्यासध्लोकार्पण किया गया है। इंदिरा गॉधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में मा० मुख्यमंत्री जी के साथ मा० वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मा० मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती स्वाती सिंह, प्रमुख सचिव श्रीमती अनीता मेश्राम एवं निदेशक श्रीमती सारिका मोहन उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री आवास एवं शहरी नियोजन उ0प्र0 शासन मा० गिरीश चन्द्र यादव द्वारा सभी आशा, आंगनबाड़ी, सहायिका से अपील किया कि स्वास्थ्य की सुविधाओं के बारे में गांव–गांव, गरीबों को अवगत कराएं एवं जन आरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड भी बनवाएं। कार्यक्रम में 200 आगनबाडी कार्यकत्री, सहायिका, क्षेत्रीय मुख्य सेविका उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर मनोज कुमार वर्मा द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आये हुए आगन्तुको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त उपस्थित थें।

## विष रहित सब्जियों की खेती की तकनीक अपनाएं किसान

जौनपुर सू.वि. : सब्जियों की खेती करने वाले किसान सबसे ज्यादा हानिकारक कीटनाशकों का प्रयोग करते हैं जिससे लागत तो बढ़ती ही है सब्जियों में जहर का अंश भी रह जाता है, फलस्वरूप उपभोक्ताओं की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। बैंगन की फसल में अत्यधिक कीटनाशक दवाओं का स्प्रे करना पड़ता है।उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किसानों को सुझाव देते हुए बताया कि बैगन की फसल के मुख्य कीट – फ्रूट बोरर, शूट बोरर, व्हाइट फ्लाई , थ्रिप्स तथा रेड माइट है। किसान भाई पौध रोपण के एक महीने के अंदर प्रति एकड़ 25 पीले रंग का और 25 नीले रंग का स्टिकी ट्रैप लगाकर व्हाइट फ्लाई और थ्रिप्स कीटों को नियंत्रित किया जा सकता है। प्रति एकड़ 10 –12 फेरोमोन ट्रैप ( स्नबपद ल्युर) के साथ लगा कर फ्रूट बोरर और शूट बोरर कीटों को नियंत्रित किया जा सकता है। 45 दिन के बाद ल्यूर को बदलना चाहिए। प्रति एकड़ 5 फ्रूट फ्लाई ट्रैप (थ्तन– ल्युर) के साथ लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अन्य सब्जियों में भी उपरोक्त बायो एजेन्ट का प्रयोग कर कीटनाशक दवाओं का खर्चा 70 से 80 प्रतिशत तक बचाया जा सकता हैं। साथ ही जहर मुक्त सब्जियों का उत्पादन कर देशहित में शामिल हो सकते हैं।

### पंजीकृत कामगारों एवं निर्माण श्रमिकों को भरण–पोषण भत्ता वितरण का कार्यक्रम शुभारंभ/ लोकार्पण का किया गया सीधा प्रसारण

जौनपुर सू.वि. : मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत कामगारों एवं निर्माण श्रमिकों को भरण–पोषण भत्ता वितरण का कार्यक्रम शुभारंभ/ लोकार्पण का सीधा प्रसारण किया गया। जनपद स्थित कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में मा० राज्यमंत्री आवास एवं शहरी नियोजन गिरीश चंद्र यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान माननीय राज्यमंत्री के द्वारा 05 श्रमिकों को श्रमिक कार्ड वितरित किया गया। मा० राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीब असहाय की सहायता के लिए कटिबद्ध है, उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान कर रही है। श्रमिकों को 02 माह का रुपये 1000 उनके खाते में ऑनलाइन प्रेषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के साथ है। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाएं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाया जा सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त आर के पाठक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वाराणसी के होमी भाभा कैंसर अस्पताल में मरीज करवा सकेंगे एलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट : यूपी में दूसरा सेंटर

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू हो गई है। सोमवार को टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक डॉ. राजेंद्र ए. बडवे ने अस्पताल में एलोजेनिक बोन मेरो ट्रांसप्लांट की सुविधा के लिए तैयार वार्ड का उदघाटन किया। इस सुविधा की शुरुआत होने के बाद अब कैंसर मरीजों को एलोजेनिक ट्रांसप्लांट के लिए दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। वाराणसी सहित अन्य जिलों, राज्यों से आने वाले कैंसर मरीजों को इलाज में बड़ी सहूलियत मिलेगी। होमी भाभा कैंसर अस्पताल एलोजेनिक बोन मौरो ट्रांसप्लांट करने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पूर्वांचल का पहला, जबकि उत्तर प्रदेश का दूसरा सेंटर बन गया है। अबतक होता था ऑटोलोगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट। निदेशक ने बताया कि ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया और लिंफोमा) के मरीजों के इलाज में एलोजेनिक बोन मौरो ट्रांसप्लांट अहम है। होमी भाभा कैंसर अस्पताल में अब तक ऑटोलोगस बोन मौरो ट्रांसप्लांट की ही सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन सोमवार से अस्पताल में एलोजेनिक बोन मौरो ट्रांसप्लांट की सुविधा का भी शुभारंभ कर दिया गया। होमी भाभा कैंसर अस्पताल के उपनिदेशक डॉ. बीके मिश्रा ने बताया कि इस सुविधा के लिए अस्पताल में




सात बेड आरक्षित किए गए हैं। हर साल औसतन यहां से 25 मरीजों को एलोजेनिक बोन मौरो ट्रांसप्लांट के लिए मुंबई स्थित टाटा कैंसर अस्पताल भेजना पड़ता था। अब मरीजों को वाराणसी में ही यह सुविधा मिल सकेगी, जिससे न केवल उनका समय बचेगा बल्कि समय रहते ही जरूरी इलाज भी मिल सकेगा। क्या है एलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट। उप निदेशक ने बताया कि एलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट के तहत किसी भी स्वस्थ मरीज के शरीर से स्टेम सेल निकालकर किसी दूसरे मरीज जो कि ब्लड कैंसर से जूझ रहा हो उसमें ट्रांसप्लांट किया जा सकेगा। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल के निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान ने कहा कि कैंसर मरीजों के इलाज में सहूलियत देने के लिए समय–समय पर नई सेवाओं की शुरुआत की जा रही है। एलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट इसी कड़ी का एक हिस्सा है।

## भाजपा से दिल्ली सोशल मीडिया के प्रमुख बने रोहित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पिलकिछा गाँव के कोकना पुरवा निवासी रोहित उपाध्याय को भाजपा दिल्ली प्रदेश का सोसल मीडिया विभाग प्रमुख बनाए जाने पर स्थानीय क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। यह पद उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के द्वारा प्रदान किया गया। श्री उपाध्याय ने दूरभाष पर बात करते हुए बताया कि पार्टी के द्वारा मिली जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और इमानदारी से करूंगा। उन्होंने कहा कि सोसल मीडिया सेल पार्टी की लोकप्रियता बढ़ाने में अहम स्थान रखता है। आज इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से भी तेज सोसल मीडिया हो गई है। ऐसे में जिम्मेदारियां और बढ़ जाती है। श्री उपाध्याय की इस उपलब्धि पर बृजेश उपाध्याय, श्रीकृष्ण पांडेय, अन्नू दूबे, प्रेमचंद्र तिवारी, आजाद पाल, राजू सिंह आदि ने खुशी जाहिर की है।

### रामपुर पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक द्बारा अपराधा एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रामपुर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रामपुर ओम नारायण सिंह ने बताया कि एक छठॅ वारंटी बबलू दूबे पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी हाजीपुर नेवादा थाना रामपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## ताइक्वांडो के पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : वाराणसी में 27 से 30 दिसंबर को 1st इंडो–नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप आयोजित था जहाँ पट्टी जमालापुर निवासी आदित्य सिंह पुत्र संतोष कुमार सिंह व जमुआरी मुफ्तीगंज के निखिल राय पुत्र महानन्द राय को गोल्ड मेडल व पिलखिनी गौराबादशाहपुर



निवासी श्रवण कुमार पुत्र नंदलाल व जमुआरी मुफ्तीगंज के कार्तिकेय राय पुत्र सचिदानंद राय को सिल्वर मेडल । कबिरुद्दीनपुर के अनुराग यादव पुत्र रामजीत यादव ,इमलो पांडेय पट्टी के शिवम बिन्द पुत्र विश्राम बिन्द व नइगंज आदर्श कॉलोनी के विराट मिश्रा पुत्र प्रवीण मिश्र ने ब्रोंज मेडल जीता था। इन सभी खिलाड़ियों को तथा इनके कोच संजय पाल व प्रवीण मिश्रा को जफराबाद के मॉ विधायक डॉ हरेन्द्र सिंह इन पदक विजेता खिलाड़ियों को माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया इस मौके पर जौनपुर ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह भी मौजूद रहे।

## उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा पहुंचे बजरंगबली द्वार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सूबे के उप मुख्यमंत्री डाक्टर दिनेश शर्मा के विजेथुआ धाम में उतरने पर बेरीकेडिंग के किनारे खड़ी भारी भीड़ के 'भारत माता की जय'और जय श्री राम के नारों से पूरा विजेथुआ धा



ाम गूंज उठा। हेलीकॉप्टर से उतरने पर भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर आर ए वर्मा, विधायक सूर्य भान सिंह, सीताराम वर्मा, राजेश गौतम,राम चन्द्र मिश्र, सर्वेश मिश्र तथा महिलाओं में सुमन सिंह,प्रीति प्रकाश उपाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष रेनू सिंह ,सरला द्विवेदी,मंजू तिवारी,रचना सिंह आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर डिप्टी सीएम का भव्य स्वागत किया। इसके बाद वे बजरंगबली के मन्दिर पहुंच कर दर्शन पूजन किया। दर्शन के उपरांत सड़क मार्ग से सूरापुर कस्बे में पहुंचे जहां लोगों की भारी भीड़ ने भव्य स्वागत किया। सूरापुर कस्बे में जन विश्वास यात्रा में शामिल होकर वह बजरंग नगर के लिए प्रस्थान कर गए।

### जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 1875 गरीब मरीजों को मिला चिकित्सा लाभ–सीएमओ

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० डी०के० त्रिपाठी ने अवगत कराया कि रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओ में इलाज, जांच, कोविड–19 जांच व संबंधित जानकारी तथा गोल्डन कार्ड बांटे जाने से यह मेला काफी लोकप्रिय रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के समस्त सीएचसी/पीएचसी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 88 चिकित्सक, 413 पैरामेडिक ने योगदान दिया, जिससे 1875 लाभार्थी को लाभ प्राप्त हुआ, जिनमें 794 पुरुष, 859 महिला, 222 बच्चों को चिकित्सा व्यवस्था दी गई तथा 26 गोल्डन कार्ड, 690 कोविड स्क्रीनिंग तथा 173 आरटीपीसीआर किया गया।

### मेरठ समेत सात शहरों में कल से दौड़ेंगी ई–सिटी बसें, मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअली लोकार्पण

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर के बाद सात अन्य शहरों में चार जनवरी से ई–सिटी बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। इन शहरों में मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, अलीगढ़, आगरा, मथुरा शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चार जनवरी को शाम 5:30 बजे लखनऊ से इन बसों का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इन सात शहरों में 75 ई–बसें चलेंगी। बताया जा रहा है कि मेरठ में 15 और अन्य शहरों में 10–10 सिटी बसें चलेंगी। हालांकि अभी इन बसों का निदेशालय स्तर पर शहरों के हिसाब से आवंटन नहीं हुआ है। इन बसों का पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर संचालन होगा। नगरीय परिवहन निदेशालय के संयुक्त निदेशक अजीत सिंह ने बताया कि तीन जनवरी की शाम तक संबंधित शहरों में ये बसें पहुंच जाएंगी। बसों के संचालन का जिम्मा पीएमआई कंपनी को सौंपा गया है। इन बसों के चलने से लोगों का सफर सुगम होगा।

## ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल''ने समाजवादी पार्टी के ''चुनावी घोषणा पत्र'' में व्यापारियों की 15 सूत्रीय मांगो का ''मांग पत्र'' सौंपा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। 3 जनवरी, दिन सोमवार उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार। मंडल (संबद्ध कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) ने प्रमुख राजनीतिक दलों के विधानसभा चुनाव के '' चुनावी घोषणा पत्र ''में व्यापारियों की मांगों को शामिल करने हेतु ''मांग पत्र'' देने के क्रम में सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से मिलकर उन्हें 15 सूत्रीय ''मांग पत्र'' सौंपा ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र समिति के सदस्य डॉ रीता बहुगुणा जोशी को अपना मांग पत्र सौंप चुका है उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उनसे मिला तथा अखिलेश यादव को प्रदेश के व्यापारियों की मांगों का 15 सूत्रीय ''मांग पत्र'' सौपा संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारियों की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए तथा व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने के लिए प्रदेशभर के व्यापारियों से राय मशवरा करके संगठन द्वारा 15 सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया गया है जिसमें प्रदेश में ''ई कॉमर्स नीति'' बनाए जाने ''व्यापारी नीति आयोग'' के गठन एवं ''व्यापारी स्वास्थ्य बीमा योजना, मंडी शुल्क व्यवस्था पूरी तरह समाप्त किए जाने की मांग सहित 15 मुख्य मांगे हैं उन्होंने कहा जो प्रमुख राजनीतिक दल व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए अपनी पार्टी के ''चुनावी घोषणा पत्र'' में शामिल करेगा तथा सरकार बनने पर 3 माह में पूरा करने का विश्वसनीय वायदा करेगा उस राजनीतिक दल को व्यापारी समाज इस विधानसभा चुनाव में सहयोग करेंगे तथा अपनी ताकत झोकेंगे, व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा इस चुनाव में व्यापारी गेम चेंजर होंगे तथा व्यापारियों का वोट ही निर्णायक सिद्ध होगा और व्यापारियों के वोटों से ही सरकार बनेगी उन्होंने कहा प्रदेश में छोटे–बड़े ,मझोले, एक करोड़ व्यापारी हैं जिनके पास अपने परिवार तथा अपने कर्मचारियों के परिवार के चार करोड़ वोटों की ताकत है ''मांग पत्र सौंपने के कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश के उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ,सुनील बंसल, आसिफ किदवई, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे ,नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन ,गिरीश भार्गव, संजय कुमार गुप्ता , मोहम्मद फुरकान, मसीह उज्जजमा गांधी, राजीव शुक्ला ,डॉक्टर साकेत चतुर्वेदी ,धीरज शुक्ला, सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

**प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रो में प्रदेश के व्यापारियों की मांगों को शामिल कराने हेतु मांग पत्र–**

1. प्रदेश में ई ''कॉमर्स नीति'' बनाई जाए विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों द्वारा देश के नियम कानूनों का उल्लंघन करते हुए विभिन्न प्रकार के छदम तरीके अपनाते हुए किए जा रहे व्यापार पर अंकुश लगाने हेतु तथा उन्हें नियम कानूनों का अनिवार्य रूप से पालन कराने हेतु प्रदेश में ''ई कॉमर्स नीति'' बनाई जाए( ई–कॉमर्स नीति निर्मात्री समिति में प्रमुख व्यापारी संगठनों के व्यापारी प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं) 2. प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के व्यापारियों के व्यापार को ई–कॉमर्स के माध्यम से बढ़ाने हेतु राज्य स्तर पर सरकार द्वारा स्वयं अथवा पीपीपी मॉडल पर व्यापारियों के सहयोग से पूर्ण रूप से स्वदेशी ''ई–कॉमर्स पोर्टल'' तैयार किया जाए जिसमें प्रदेश के व्यापारियों को निशुल्क व्यापार करने की सुविधा हो ( यह पोर्टल व्यापारियों को केवल मार्केटप्लेस उपलब्ध कराने के मॉडल पर आधारित हो, पोर्टल द्वारा स्वयं



बिक्री न की जाए) पोर्टल के प्रचार प्रसार के लिए सरकार अपने बजट में प्रावधान करें व्यापारी नीति आयोगः– 3.प्रदेश में व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने हेतु ''व्यापारी नीति आयोग'' का गठन किया जाए तथा इसमें प्रदेश के प्रमुख अनुभवी व्यापारियों को मुख्य भूमिका में रखा जाए तथा अधिकारियों को सदस्य के रूप में ही रखा जाए एवं ''व्यापारी नीति आयोग'' को सशक्त करते हुए प्रभावी अधिकार दिये जाए ,जिससे प्रदेश के व्यापार को बढ़ावा देने वाली नीतियां बन सके। गुड्स एंड सर्विस टैक्स :– 4.प्रदेश स्तरीय ''जी एस टी सुझाव समिति ''का गठन हो जिसमें प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के अनुभवी विशेषज्ञ व्यापारी प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए जिन के सुझावों को जी एस टी परिषद में राज्य सरकार की ओर से भेजा जाए तथा भेजें गए सुझावों के क्रियान्वयन की जी एस टी परिषद में राज्य सरकार की तरफ से मजबूत पैरवी की जाए। बीमा :– 5.जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपए का ''व्यापारी स्वास्थ्य बीमा'' सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से दिया जाए 6.जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए दुर्घटना बीमा योजना की परिभाषा में बदलाव करते हुए दुर्घटना बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए 15 लाख रुपए करते हुए उसके दायरे में कोविड– 19 व अन्य महामारी एवं प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु को भी जोड़ा जाए। कॉमर्शियल विद्युतः– 7.कॉमर्शियल विद्युत कनेक्शन की दरें कम हो तथा कॉमर्शियल उपभोक्ता द्वारा जितनी विद्युत का उपयोग किया गया हो, सिर्फ उतनी विद्युत के मूल्य ही लिए जाएं डिमांड चार्ज, फिक्स चार्ज ,मिनिमम चार्ज आदि समाप्त हो, अर्थात जितनी बिजली उतने दाम कामर्शियल हाउस टैक्सः– 8.कामर्शियल हाउस टैक्स की दरें आवासीय हाउस टैक्स की दर से मात्र दुगनी निधारित की जाए वर्तमान में आवासीय दर से 5 गुना तक यह दरे प्रभावी हैं) जलकरः– 9.जिन व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों पर वाटर कनेक्शन नहीं लिया गया हो तथा उनके प्रतिष्ठान में शौचालय मूत्रालय का प्रयोग ना हो रहा हो उन वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को जल कर के भुगतान से मुक्त रखा जाए केवल उन्हीं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से जलकर वसूला जाए जो जल का कनेक्शन अथवा शौचालय मूत्रालय का प्रयोग करते हो नगर विकासः– 10.जनता की आवश्यकता के अनुसार स्वाभाविक रूप से प्रदेश के महानगरों में 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों पर जिन आवासीय क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में 80: से अधिक व्यवसायिक गतिविधियां हो रही हो उन बाजारों को बाजार मार्ग/ मार्केट स्ट्रीट घोषित किया जाए 11.प्रदेश के महानगरों में मिक्स लैंड यूज की व्यवस्था लागू की जाए 12. व्यापारी सुरक्षाः– प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा के लिए ''व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ'' को वास्तविक रूप से प्रभावी बनाया जाए तथा प्रदेश के हर थाने पर व्यापारी हेल्पडेस्क बने इंस्पेक्टर राजः– 13.व्यापारियों के वहां किसी भी तरह के सर्वे छापे की कार्यवाही पर पूर्णतया प्रतिबंध हो,विशेष परिस्थितियों में केवल मुख्यमंत्री की अनुमति से ही छापे पड़े (कुछ प्रदेशों में यह व्यवस्था लागू है) 14.–पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के सैंपल उत्पादन इकाई से ही लिए जाए व्यापारिक प्रतिष्ठानों से नहीं लिया जाए नाही उन्हें मुकदमे में पार्टी बनाया जाए एवं खाद्य पदार्थ विक्रेता ओं के सैंपल की हुई द्विस्तरीय जांच की व्यवस्था हो तथा प्रदेश के सभी जिलों में टेस्ट लैब की स्थापना की जाए 15. प्रदेश में मंडी शुल्क व्यवस्था पूरी तरीके से समाप्त किया जाए।

### काशी विद्यापीठ और संस्कृत विश्वविद्यालय में मेधावियों के गले में आज दमकेगा सोना

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सोमवार को मनाया जाएगा। इसमें विद्यापीठ में 61 मेधावियों को 71 स्वर्णपदक दिए जाएंगे। जिसमें स्नातक के 16 और स्नातकोत्तर के 45 विद्यार्थी शामिल हैं। उधर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में 37 विद्यार्थियों में 63 पदक दिए जाएंगे। दोनों विश्वविद्यालयों में समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति और प्रदेश के राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। संस्कृत विश्वविद्यालय में समारोह शुरू हो चुका है। काशी विद्यापीठ में दीक्षांत समारोह का शुभांरभ दोपहर तीन बजे से होगा। संस्कृत विश्वविद्यालय में पद्मश्री मालिनी को मानद उपाधि। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 39वें दीक्षांत समारोह में सोमवार को 15520 विद्यार्थियों को उपाधियां वितरित की जाएंगी। इसमें 37 मेधावियों में 63 पदक दिए जाएंगे। मुख्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री मालिनी अवस्थी होंगी, कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल पहुंच चुकी हैं। मालिनी को वाचस्पति (डीलिट) की मानद उपाधि दी जाएगी। कोविड प्रोटोकॉल के तहत होने वाले समारोह में केवल 200 लोग शामिल होंगे। इस बार आचार्य कक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले रवि कुमार जायसवाल को विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक नौ पदक मिलेंगे। इसके अलावा सौरभ शुक्ल और सुदर्शन गौतम को पांच–पांच, जबकि चंद्रशेखर पांडेय, शिवम चतुर्वेदी, मोहित को तीन–तीन पदक दिया जाएगा।काशी विद्यापीठ में 73759 को मिलेगी उपाधि काशी विद्यापीठ में 43वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि बोर्ड आफ गवर्नर एनआईटी उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ. आरके त्यागी होंगे। समारोह में 73759 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर व शोध की प्रतीकात्मक उपाधि दी जाएगी। इसमें 58370 स्नातक 15189 पीजी तथा 20 शोध के विद्यार्थी हैं। रविवार को गांधी अध्ययनपीठ सभागार में कुलपति प्रो. एके त्यागी की अध्यक्षता में हुए पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति के समारोह में आने, स्वागत, विद्वत परियात्रा, विश्वविद्यालय का कुलगीत गायन के साथ ही मेधावियों में पदक, उपाधि के वितरण के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। खेल के क्षेत्र में किक बाक्सिंग में रोशन मौर्या और कराते में दिव्या पांडेय को उत्कृष्ट खिलाड़ी का पदक दिया जाएगा। छात्रा ने पदक सूची पर जताई आपत्ति, परीक्षा नियंत्रक से की शिकायत । काशी विद्यापीठ में सोमवार को होने वाले दीक्षांत समारोह में पदक पाने वाली एक छात्रा ने विश्वविद्यालय की ओर से जारी मेधावियों की सूची पर आपत्ति जताई है। एमएससी की छात्रा अनामिका मिश्रा ने परीक्षा नियंत्रक से इसकी शिकायत कर जांच की मांग की है। अनामिका ने अपनी शिकायत में लिखा है कि वह एमएससी गणित की छात्रा है। दीक्षांत समारोह के लिए 14 दिसंबर को जो सूची जारी हुई थी, उसमें उसका नाम मेरिट सूची में पहले नंबर पर था, जबकि 28 दिसंबर को जारी मेरिट सूची में अब नाम दूसरे नंबर पर दर्ज हैं। जिस विद्यार्थी का नाम पहले नंबर पर है, उसका 28 नंबर बढ़ा दिया गया है, जो कि संदेहजनक है। ऐसे में जांच कर न्याय करने की मांग की है।

# वाराणसी में अब हर दिन मिले रहे संक्रमित : 14 नए मरीज मिलने के बाद एक्टिव केस हुए 58

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में रविवार को 14 कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसके साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या 58 हो गई है। रविवार को संक्रमित मरीजों में सबसे अधिक सात महिलाएं और चार छात्र शामिल हैं। इसके अलावा डॉक्टर, सरकारी कर्मचारी भी संक्रमित हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी का सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू भेजा गया है। रविवार को संक्रमित मरीजों में रथयात्रा निवासी 16 वर्षीय छात्र, सारनाथ में वल्लभ विहार कॉलोनी में 53 वर्षीय महिला, नगवा लंका में 28 वर्षीय चिकित्सक, बीएलडब्ल्यू निवासी 25 वर्षीय सरकारी कर्मचारी, डीआईजी आवास निवासी 59 वर्षीय पुरुष, नगवां लंका निवासी 50 वर्षीय महिला, कोरौत शिवपुर में 36 वर्षीय किसान की रिपोर्ट भी पॉजीटिव आई है। इसके अलावा ट्रॉमा सेंटर बीएचयू 46 वर्षीय महिला, सिगरा नानक नगर कॉलोनी में 25 वर्षीय छात्रा, चेतनानगर लहरतारा में 27 वर्षीय युवती, 30 वर्षीय युवक, नाटी इमली का 22 वर्षीय छात्र, नीचीबाग निवासी 23 वर्षीय छात्रा और अस्सी घाट पर रहने वाले 30 वर्षीय युवक संक्रमित हुआ है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि रविवार को संक्रमित मिले तीन मरीजों के मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं हो पाया है। रविवार को पहले से होम आईसोलेशन में रहने वाले दो लोगों को स्वस्थ घोषित किया गया है। 31 दिसंबर तक मिले मरीजों में ओमिक्रॉन नहीं। वाराणसी में कोरोना संक्र मित सभी मरीजों का सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू लखनऊ भेजा गया है। शनिवार को 21 और रविवार को



14 मरीजों को छोड़कर बाकी सभी 25 मरीजों की जो रिपोर्ट आई है, उसमें डेल्टा प्लस वेरियंट ही मिला है। राहत की बात यह है कि अभी कोई भी ओमिक्रॉन वेरियंट वाला मरीज नहीं मिला है। सीएमओ के अनुसार केजीएमयू से जीनोम सैंपल की मौखिक रिपोर्ट दी जाती है। ओमिक्रॉन से ज्यादा खतरनाक डेल्टाः प्रो. चौबे। कोरोना मरीजों पर शोध करने वाले बीएचयू प्राणी विज्ञान विभाग के प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे का कहना है कि वेरियंट चाहे कोई भी हो अगर लिखित रिपोर्ट मिले तभी उसके बारे में विस्तार से अध्ययन किया जाना ठीक होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि डेल्टा वेरियंट का जो नया रूप है, वह ओमिक्रॉन से भी अधिक खतरनाक है। ऐसे में इस पर अध्ययन होना भी जरूरी है। कई देशों में होने वाली मौतों में भी डेल्टा वेरियंट ही मिल रहा है।

# सोनभद्र में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी नें योगी सरकार के कामकाज को सराहा : कहा– पहले यूपी में सिर्फ बातें होती थी अब काम हो रहा

सोनभद्र ब्यूरो : केंद्रीय आवास, शहरी मामले और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने योगी सरकार के कामकाज को पूर्ववर्ती सरकारों से बेहतर बताया है। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में सिर्फ बातें होती थी। लेकिन अब काम हो रहा है। पहले कार्यों का शिलान्यास तो होता था, लेकिन उसे पूरा होने में दशकों लग जाते थे। अब योगी सरकार शिलान्यास भी कर रही है और समयबद्ध ढंग से काम पूरा कराकर खुद लोकार्पण भी कर रही है। सोनभद्र के सदर ब्लॉक के तियरा स्थित विशिष्ट स्टेडियम में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्राइजमनी तीरंदाजी प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने मोदी–योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों का भी जिक्र किया। तीरंदाजी प्रतियोतिगा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों की हौसलाफजाई करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन विद्या तीरंदाजी को बढ़ावा देने में उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। सोनभद्र में होनहार तीरंदाजों की फौज। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सोनभद्र के आदिवासी अंचल में होनहार तीरंदाजों की फौज है। ऐसे आयोजनों से उनकी प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। केंद्र और प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है। उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के महासचिव अजय गुप्ता ने सोनभद्र में भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत उत्कृष्टता के राष्ट्रीय केंद्र (एनसीओई) का एक केंद्र खोलने की दिशा में प्रयास की बात कही। कहा कि इसके लिए वह शीघ्र ही खेल मंत्री से मिलेंगे। यह केंद्र खुलने से आदिवासी क्षेत्र के तीरंदाज व खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन संवारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। कार्यक्रम में यूपी सरकार



के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड, राज्य सभा सांसद रामशकल, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, रमेश मिश्र, मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीएम टीके शिबू, एसपी डॉक्टर अमरेंद्र प्रसाद सिंह, सीडीओ अमित पाल शर्मा, भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, राकेश मेहता, आनंद समेत अन्य मौजूद रहे।केंद्रीय मंत्री ने गुरुद्वारा में टेका मत्था। प्रतियोगिता के उद्घाटन से पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सुबह राबर्ट्सगंज नगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचे। यहां मत्था टेका और अरदास में शामिल हुए। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। कुछ देर सिख संगत के साथ बैठने के बाद वह सर्किट हाउस पहुंचे और व्यापारी संगठनों के साथ वार्ता की।

# बाहुबली विधायक विजय मिश्र की तीन कंपनियों पर ईडी की नजर

प्रयागराज ब्यूरो : ज्ञानपुर के बाहुबली विधायक विजय मिश्र की तीन कंपनियां प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) के रडार पर हैं। उस पर दर्ज मनी लांड्रिंग के केस की जांच में जुटी टीम को इन तीन कंपनियों की जानकारी मिली है। इनमें से दो कंपनियां रियल इस्टेट और एक कंपनी आभूषणों के व्यापार से संबंधित है। इसमें उसकी पत्नी व अन्य परिजन डायरेक्टर हैं। कंपनियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद ईडी की टीम अब पत्नी समेत अन्य से पूछताछ की तैयारी में है। बाहुबली विधायक विजय मिश्र मौजूदा समय में आगरा जेल में तैनात है। भदोही में मुकदमा दर्ज होने केबाद वह फरार हो गया था और लंबे समय बाद उसने मप्र में सरेंडर कर दिया था। इसके बाद नैनी जेल लाया गया जहां से उसे कुछ दिनों बाद ही आगरा जेल भेज दिया गया था। ईडी की टीम ने पिछले साल फरवरी में उसके खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया था। जिसके बाद उसकी अवैध रूप से कमाई गई संपत्तियों की जानकारी जुटानी शुरू की गई। ईडी ने पिछले दिनों आगरा जेल में जाकर विजय मिश्र से पूछताछ भी की थी। साथ ही उनकेसमधी को भी बुलाकर पूछताछ की। कंपनियों की डायरेक्टर हैं रामलली सूत्रों का कहना है कि जांच में जुटी ईडी की टीम को उसकी तीन कंपनियों का पता चला है। इनमें उसकी पत्नी



एमएलसी रामलली के अलावा बेटा व बेटी भी डायरेक्टर हैं। इनमें से दो कंपनियां रियल इस्टेट और एक कंपनी गहनों के व्यापार से संबंधित हैं। गहनों के व्यापार से संबंधित कंपनी लालिमा ज्वैलर्स के नाम से है जिसकी डायरेक्टर बाहुबली विधायक की पत्नी है। इसी तरह रियल इस्टेट कंपनियों के डायरेक्टर उसके अन्य परिजन हैं। ईडी की टीम अब उनसे पूछताछ की तैयारी में है। उन्हें समन जारी किया जा सकता है। खातों पर भी नजर, जुटाई जा रही जानकारी सूत्रों का कहना है कि ईडी की टीम की नजह विधायक के कई करीबियों पर भी है। यह उस्केरियल इस्टेट के व्यापार से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हैं। उन्हें भी जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। इसके लिए उन्हें समन जारी किया जा सकता है। इसके अलावा विधायक व उनकेपरिजनों के खातों पर भी ईडी की नजर है। इन खातों के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी जुटाई जा रही है।

# वाराणसी में रिंगरोड पर ट्रक से टकराई कार : बीज व्यवसायी की मौत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के खेवशीपुर गांव के सामने रिंगरोड पर रविवार की देर रात घने कोहरे के कारण ट्रक और कार में टक्कर हो गई। हादसे में चला रहे बीज व्यवसायी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त जौनपुर के मडीगांव निवासी बीज व्यवसायी राजेश कुमार सिंह रघुवंशी(55) के तौर पर हुई। राजेश का परिवार सूर्य नगर कॉलोनी गीलटबाजार में रहता है। मौके पर पहुंचे परिजनों के मुताबिक राजेश रविवार को किसी काम से मिर्जापुर गए थे। रात में लौट रहे थे। खेवशीपुर गांव के सामने रिंग रोड पर घने कोहरे के कारण किसी ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार चला रहे राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पास से मिले पहचान पत्र और मोबाइल नंबर से परिजनों को पुलिस ने सूचित किया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त की। राजेश की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। राजेश की पत्नी अनीता सिंह, बेटे आशीष और बेटी अदिति सिंह का रो–रोकर बुरा हाल है।

# किरदारों से तय होगी ताले की चाबी, अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज के मतदाताओं के दिल की बातें

अलीगढ़ ब्यूरो : रैलियां हो रही हैं।घ्मुद्दे उछाले जा रहे हैं। नए समीकरणों की राजनीतिक ताकत दिखाई जा रही है। आजमाई जा रही है। इस सबसे चढ़ते सियासी पारे के बीच मतदाता भी गुणा–भाग में जुटा हुआ है। अपने अंदाज में। हवा का रुख भांपने का उसका अलग पैमाना है। चाय की चुस्कियों के संग...। अलावों की गरमा–गरम चर्चाओं में...वह अपने पैमाने से सबकी ताकत परख रहा है। इसके लिए मुद्दों को ही हथियार बनाया जा रहा है। ...तो बचाव के लिए ढाल भी। एक–दूसरे को कुरेदा जा रहा है। पता किया जा रहा है कि वैचारिक धरातल पर कौन किसके साथ है। कुछ ऐसा ही माहौल है अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज में। शहरी सीटों पर मुद्दों को लेकर तर्क–वितर्क तो खूब हैं, पर जातीय–धार्मिक आधार पर मतदाता बंटा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय मुद्दे तो हैं, पर जातीय अस्मिता का उभार कहीं ज्यादा है। किरदार यानी प्रत्याशी भी तय करेंगे कि मतदाता उनके किस्मत के ताले की चाबी किन शर्तों पर उन्हें सौंपता है। गंगा–यमुना के दोआब में बसे अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज की सियासी तासीर की अपनी विशिष्टताएं हैं। चारों जिलों की कुल 17 में से 16 सीटों पर कब्जा जमाए बैठा भगवा खेमा हो या फिर विपक्ष, सभी अपनी–अपनी जीत के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगाए हुए हैं। मतदाता भी पाला तय कर चुके हैं। बस उन्हें इंतजार है रण में उतरने वाले चेहरों का। बहरहाल इस बार भाजपा को सपा–रालोद गठबंधन से कड़ी टक्कर मिलती दिख रही है। जिला पंचायत चुनाव में मिली जीत से विपक्ष जोश में है। वहीं, सत्ताधारी खेमा हिसाब बराबर करने के लिए सारे कील–कांटे दुरुस्त कर चुका है। अलीगढ़ की बात करें तो सातों विधानसभा सीटों पर अलग–अलग सियासी समीकरण हैं। अलीगढ़ शहर और कोल सीट पर ध्रुवीकरण के चलते सभी दल लड़ाई भाजपा से लड़ रहे हैं। विपक्ष में मुस्लिम वोटों के सहारे सपा ज्यादा मजबूत है, जबकि बसपा व कांग्रेस चेहरों के दम पर मैदान में हैं। इगलास व खैर में लड़ाई सीधी–सीधे सपा–रालोद गठबंधन और भाजपा के बीच होती दिखाई दे रही है। देहात की दो अन्य ठाकुर बहुल सीटों में से बरौली में स्थानीय मुद्दों व जातीय समीकरणों की वजह से बसपा व सपा से भाजपा को टक्कर मिल रही है। जबकि छर्रा में विपक्ष जातीय गोलबंदी के लिए प्रयासरत हैं। जिले की सबसे महत्वपूर्ण कल्याण सिंह की अतरौली सीट पर भाजपा को सपा के पूर्व विधायक से कड़ी टक्कर मिल रही है। विधायकों के काम की पड़ताल। तस्वीर महल चौराहे पर चाय की चुस्कियां लेते मिले राजनीतिक जानकार मृत्युंजय शर्मा कहते हैं, अभी बहुत ज्यादा कह पाना कुछ जल्दबाजी होगी। हां, इतना जरूर है कि सरकार के प्रदर्शन से कहीं ज्यादा स्थानीय स्तर पर विधायकों का रिपोर्ट कार्ड आने वाले चुनाव का परिणाम तय करेगा। यहीं मौजूद गांव पाली रजापुर के किसान पंकज शर्मा कहते हैं, अपने जिले में निश्चित तौर पर जातीय समीकरण हावी रहते हैं। साथ में स्थानीय मुद्दे भी हैं। जो कुछ हद तक असर तो डालते ही हैं।घ्हाल ही जिले में एक आपराधिक घटना के बाद शुरू हुई लोधा बनाम ठाकुर लहर का असर भी इस चुनाव में दिखेगा। यह भी स्पष्ट है कि हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी सत्तारूढ़ दल को एंटी इन्कंबेंसी से जूझना पड़ेगा। इसका विपक्षी लाभ उठाएंगे। इसी तरह सोमना के युवा व इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके किसान ठा. विक्रमादित्य सिंह कहते हैं कि किसानों से जुड़ी समस्या इस चुनाव में बड़ा मुद्दा है। महंगाई व छुट्टा जानवर से भी लोग परेशान हैं। नगर निगम स्थित चाय की दुकान पर मिले अमरीश त्यागी, सतीश दीक्षित, कंचन सिंह, ब्रजेश लोधी, मनोज शर्मा, चंद्र भान, इफरार, नीटू शर्मा, गुलाब सिंह, मोहम्मद सोजेब, फिरोज चौधरी भी कहते हैं कि इस बार महंगाई, शहरी विकास और रोजगार के मुद्दे प्रमुख हैं। यह बात अलग है कि इन मुद्दों का असर चुनाव में कितना दिखता है। अतरौली : कल्याण के परिवार की गहरी पैठ। अतरौली सीट पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की सीट है। कई दशक के बाद यह पहला मौका है, जब अतरौली सीट पर उनके बिना चुनाव होने जा रहा है। हालांकि, उनके परिवार की इस पारंपरिक सीट पर गहरी पैठ है। मगर, सपा को भी कमजोर नहीं माना जा सकता। क्योंकि, 2012 के चुनाव में सपा के वीरेश यादव ने कल्याण सिंह की पुत्रवधू को चुनाव हराया था। यहां भी मुद्दों के साथ जातीय समीकरण हावी रहते हैं। अतरौली चौराहे पर मिले क्षेत्र के चौ. नरेंद्र सिंह व बहादुर सिंह कहते हैं, यहां किसानों से जुड़ी समस्याओं के साथ ही चेहरे के दम पर वोट पड़ेंगे। वहीं, उदयवीर सिंह बघेल चर्चा छिड़ते



ही अतरौली–छर्रा सीट पर छुट्टा जानवरों से हो रहे नुकसान का हवाला देते हुए विषयांतर कर देते हैं। बेरोजगारी के सवाल पर बुड्ढा शर्मा भी सभी को घेरते नजर आए। बहरहाल, यहां भी भाजपा को चुनौती सपा से चुनौती मिल रही है। बसपा व कांग्रेस भी अपना जोर लगाए हुए हैं। राजा बनाम चरण सिंह बन रहा बड़ा मुद्दा। जिन्ना को लेकर हमलावर भाजपा राजा महेंद्र प्रताप का नाम और उनके नाम के विश्वविद्यालय की स्थापना को अपनी उपलब्धि में शामिल कर रही है। वहीं, रालोद–सपा चौ. चरण सिंह को सम्मान न देने का आरोप लगाते हुए भाजपा को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इसे लेकर इगलास व खैर सीट से जुड़े ठा. शीलेंद्र सिंह व चौ. जगवीर सिंह कहते हैं कि इन दोनों विषयों का सीटों पर असर दिखाई दे रहा है। परिणाम चुनाव में ही दिखेगा। कासगंज : तीनों सीटों पर सपा से मिल रही चुनौती। कासगंज जनपद में तीन सीटें–कासगंज, अमापुर और पटियाली हैं। तीनों पर भाजपा का कब्जा है। सपा यहां सीधे टक्कर में है। लोध, ठाकुर, यादव बहुल इन सीटों का अपना–अपना मिजाज है। वेदराम वर्मा कहते हैं, कासगंज को एक ऐसा चेहरा चाहिए जो कभी किसी विवाद में न रहा हो। भाजपा सरकार ने सोरोंजी को तीर्थ स्थल घोषित किया। यह बड़ी उपलब्धि है, लेकिन बाढ़ के मुद्दे को भी ध्यान में रखना चाहिए था। वे बताते हैं, लोध बहुल सीट पर अन्य जातियां भी निर्णायक भूमिका में रही हैं। इस बार क्षेत्र के यादव–मुस्लिमों का रुझान सपा की ओर है। अमापुर सीट की चर्चा छिड़ते ही भगवान सिंह राघव कहते हैं, लोध, ठाकुर व शाक्य बहुल इस सीट पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर है। पर, यह भी सच है कि यहां चेहरे हावी रहते हैं। पटियाली सीट को लेकर कुशपाल सिंह कहते हैं, लोधी, शाक्य, ठाकुर व मुस्लिम बहुल इस सीट पर चेहरा बहुत असर करता है। जातीय समीकरण भी चुनाव में हावी रहता है। बहरहाल, भाजपा–सपा में सीधी टक्कर है, जबकि अनुसूचित मतों के सहारे बसपा भी दम भर रही है। बरौली व छर्रा : गठबंधन से मिल रही कड़ी टक्कर। अलीगढ़ जिले की ठाकुर बहुल बरौली व छर्रा सीट को लेकर नगर निगम के बाहर चाय की दुकान पर चर्चा चल रही थी।घ्यहीं मिले हरदुआगंज के ठा. संदीप जादौन, विपिन चौधरी ने बताया कि पिछला चुनाव बेशक मोदी लहर के दम पर जीता गया, पर इस बार अभी कुछ कहना मुश्किल है। भाजपा को दोनों सीटों पर सपा–रालोद गठबंधन से टक्कर मिलने के आसार हैं। बसपा व कांग्रेस भी अपना जोर लगाए हुए हैं। वे कहते हैं, यह बात अलग है कि जिले में केंद्र व प्रदेश की योजनाओं के तहत डिफेंस कॉरिडोर, राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय जैसे उल्लेखनीय काम हुए हैं। मगर, जनप्रनिधियों की सिफारिश पर भी सुनवाई न होना भी यहां मुद्दा है। वहीं, अनूप शर्मा बरौली में चेहरे और स्थानीय मुद्दे को ही प्रभावी बताते हैं। बरौली में साथा मिल भी एक मुद्दा है। यहां भाजपा को बसपा और सपा चुनौती देती दिख रही हैं। हालांकि, यहां अभी तक दो सियासी धुर विरोधियों विधायक ठा. दलवीर सिंह व पूर्व मंत्री ठा. जयवीर सिंह में भाजपा से ही टिकट को लेकर जोरदार जोर–आजमाइश चल रही है। एटा : काम के पैमाने पर सबको आंक रहे लोग । जिले की चार सीटों–अलीगंज, एटा, मारहरा व जलेसर पर भाजपा का कब्जा है। 2017 के चुनाव में भी इस जिले में चारों सीटें जीतने वाली भाजपा की सीधी टक्कर सपा से मिली थी। कमोबेश अब भी वैसा ही माहौल बन रहा है। यादव बहुल एटा, लोधी बहुल मारहरा, यादव बहुल अलीगंज, यादव और अनुसूचित जाति बहुल जलेसर सीट पर जातीय समीकरण, चेहरे, स्थानीय मुद्दे इस चुनाव में बड़ा प्रभाव डालने को तैयार हैं। जीटी रोड स्थित मेडिकल कॉलेज के पास एक टी स्टॉल पर चाय की चुस्कियां लेते मिले शहर के ही रमेशपाल कहते हैं, जिले में विकास के कई काम हुए। सबसे बड़ी उपलब्धि मेडिकल कॉलेज है। इसके अलावा जीटी रोड पर बाईपास से भी लोगों को काफी सुकून मिला। बात काटते हुए विक्रांत ने कहा कि ये दोनों ही काम केंद्र सरकार के हैं। राज्य सरकार से जिले को क्या मिला? सपा के शासनकाल में एटा को प्राथमिकता दी जाती थी। छात्र माधव का कहना था, रोजगार के मामले में जो पार्टी काम करेगी, उसको ही युवा पसंद करेंगे। बुजुर्ग राधेश्याम बोले, सरकार ने वृद्धावस्था सहित अन्य सभी पेंशन का पैसा बढ़ा दिया है। राशन भी मुफ्त मिल रहा है। इसीलिए सरकार दोबारा बनवाएंगे। हाथरस : जातीय समीकरणों से लड़ाई होगी दिलचस्प। हाथरस जिले की सदर, सिकंदराराऊ सीट पर 2017 में भाजपा जीती थी। सिर्फ सादाबाद सीट पर बसपा से रामवीर उपाध्याय जीते थे। फिलहाल वे बसपा से निष्कासित हैं। उनका परिवार भाजपा में है। सदर सीट पर ब्राह्मण, वैश्य व अनुसूचित जातियों का बाहुल्य है। अलीगढ़ रोड पर चाय की चुस्कियां लेते मिले रामकिशन शर्मा कहते हैं, अपराध कम हुआ है। यही भाजपा कह रही है और हम भी इसे मानते हैं। पर, विकास के पैमाने पर आंकें तो सही मायने में अभी बहुत कमी है। यही बात जोड़ते हुए एडवोकेट दिगंबर सिंह सिसौदिया कहते हैं, छुट्टा जानवरों की समस्या से निजात नहीं मिली। आलू किसानों की भी समस्याओं का हल नहीं निकला। एससी आरक्षित सदर सीट पर भाजपा विकास के नाम पर मजबूत दावा कर रही है। विपक्ष सपा व बसपा सरकार की नाकामियों के सहारे आगे बढ़ रहा है। ठाकुर, यादव, मुस्लिम व अन्य पिछड़ा वर्ग मतदाता बहुल सिकंदराराऊ सीट पर पिछड़ा वोटों का ध्रुवीकरण भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों की धड़कनें बढ़ाए हुए है। यहां विकास से ज्यादा चेहरा, स्थानीय प्रत्याशी और स्थानीय मुद्दे महत्व रखते है। सादाबाद की बात करें तो रालोद–सपा गठबंधन जातीय समीकरणों के सहारे भाजपा को तगड़ी चुनौती दे रहा है।

# पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडे के नेतृत्व में संपन्न हुआ साथी समागम

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। 2 जनवरी समाजवादी पार्टी ने आज यहां साथी समागम कार्यक्रम के माध्यम से विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करके आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया ।इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत मुख्य वक्ता




के रूप में उदय प्रताप सिंह ने शिरकत किया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने इस विधानसभा चुनाव को आर पार की लड़ाई बताते हुए सभी को एकजुट होने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह दल है जिसने सर्व समाज को साथ लेकर उत्तर प्रदेश को बुलंदियों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की नीतियों और रीतियों से आम जनमानस बेहद प्रभावित हैं और इस बार मन बना चुका है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव को एक बार फिर सत्ता की चाबी सौंपेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश की राह पर अग्रसर हो गया था लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार सपा की उपलब्धियों को गिना कर अपना बेड़ा पार करने में जुटी हुई है। श्री वर्मा ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी की पूरे प्रदेश में लहर चल रही है हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुफ्त बिजली और सिंचाई की व्यवस्था के नाम पर जो घोषणा की है उससे समाजवादी पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस बार सर्व समाज का मतदाता समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर प्रदेश को एक बेहतरीन सौगात सौंपने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता उदय प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी को अब तक की सबसे बेहतरीन सरकार बताते हुए कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश एक बार फिर बुलंदियों को छू लेगा। अंतर्राष्ट्रीय कवियत्री शबीना अदीब ने कार्यक्रम में मौजूद रहकर समाजवादी पार्टी की सरकार को बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सपा ही वह दल है जो प्रदेश को और ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्षम है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की पूरे प्रदेश में लहर चल रही है इस बार सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी जो सर्व समाज के हित के लिए काम करेगी। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि साथी समागम कार्यक्रम में आज बड़ी तादाद में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने स्मृति चिन्ह व फूल माला देकर स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट रहते हुए समाजवादी पार्टी की सरकार एक बार फिर बनाने का अपना संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन विधानसभा अध्यक्ष शिवबरन यादव पप्पू ने किया।

# रामजन्म भूमि की सुरक्षा के लिए गठित होगी स्पेशल फोर्स

अयोध्या ब्यूरो : राममंदिर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। सुरक्षा का नया खाका तैयार करने को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सुरक्षा एजेंसियों के साथ मंथन करने में जुटा है। रामजन्मभूमि की सुरक्षा त्रिस्तरीय होगी। इसके लिए स्पेशल फोर्स का गठन किया जाएगा। स्पेशल फोर्स में बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ व सिविल पुलिस के जवान शामिल होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्र ने बताया कि रामलला के दर्शनार्थियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। औसतन करीब 10 हजार दर्शनार्थी प्रतिदिन रामलला के दरबार पहुंच रहे हैं। मंदिर बन जाने के बाद औसतन एक लाख दर्शनार्थी प्रतिदिन रामलला के दरबार पहुंचेंगे। ऐसे में उनकी व मंदिर की सुरक्षा के लिए एक स्पेशल फोर्स का गठन किया जाएगा। यह स्पेशल फोर्स डीजी के निर्देशन और समीक्षा के आधार पर गठित होगी। स्पेशल फोर्स में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स लेकर लेकर सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और सिविल पुलिस के जवान शामिल होंगे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।